यू-12025/12/2016-एनई(भाग-II)

भारत सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

निर्माण भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 24 अगस्त, 2022

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस), इंफाल, मणिपुर के निदेशक के पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। इस पद का वेतनमान 67,000-79,000/-(एनपीए सहित अधिकतम 85,000/-रु. तक सीमित) (स्तर -15 7वें सीपीसी के अनुसार) है।

इस पद को सीधी भर्ती या प्रतिनियुक्ति द्वारा 5 (पांच) वर्ष की अवधि या 65 वर्ष की आयु तक या प्रतिनियुक्त के मूल संवर्ग में अधिवर्षिता की आयु तक, जो भी पहले हो, के लिए भरा जाएगा।

सीधी भर्ती के लिए निर्धारित आयु, शैक्षिक योग्यता और अनुभव की आवश्यकता निम्नानुसार है:

**सीधी भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता:-**

(क) भारतीय आयुर्विज्ञान अधिनियम 1956 की पहली या दूसरी या तीसरी अनुसूची के भाग-II में शामिल चिकित्सीय अर्हता (तीसरी अनुसूची के भाग-II में शामिल अर्हता रखने वाले व्यक्तियों को 1948 की धारा 13 की उप-धारा (3) और में विनिर्दिष्ट शर्तों को भी पूरा करना चाहिए)।

अथवा

दंत-चिकित्सा अधिनियम 1948 की अनुसूची के भाग-I या भाग-III में शामिल मान्यता प्राप्त दंत-चिकित्सा अर्हता (अनुसूची के भाग-I या भाग-III में शामिल अर्हता रखने वाले उम्मीदवारों को दंत-चिकित्सा अधिनियम 1948 की धारा 10 की उप-धारा (1) और (2) या (4) में विनिर्दिष्ट शर्तों को भी पूरा करना चाहिए)।

(ख) मेडिकल/डेंटल विज्ञान के उसकी विशेषज्ञताओं सहित विस्तृत शीर्ष के तहत मान्यता प्राप्त स्नातकोत्तर अर्हता।

(ग) उम्मीदवारों को राज्य/केंद्रीय मेडिकल/डेंटल परिषद से अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए।

**अनुभव**:

(क) कम से कम चौदह वर्षों का अध्यापन अनुभव।

(ख) स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के बाद मेडिकल पेशे में 21 वर्ष तक बने रहना।

(ग) चिकित्सा राहत, चिकित्सा अनुसंधान, चिकित्सा शिक्षा या जन-स्वास्थ्य संगठन के क्षेत्र में विस्तृत व्यावहारिक और प्रशासनिक अनुभव और प्रमुख या विभागाध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण वैज्ञानिक/शैक्षिक संस्थान के संचालन का अनुभव।

**वांछनीय:-**

किसी जिम्मेदार पद पर सात वर्षों से अधिक का प्रशासनिक अनुभव।

**आयु सीमाः**

- पद पर आवेदन करने की अधिकतम आयु सीमा 62 वर्ष (12.10.2022 तक) है। प्रतिनियुक्ति केंद्र / राज्य की सरकारों / स्वायत्तशासी संगठनों / अनुसंधान संस्थानों / विश्वविद्यालयों के अधिकारियों में से 5 (पांच) वर्ष की अवधि अथवा 65 वर्ष की आयु तक अथवा अपने मूल संवर्ग में अधिवर्षिता की आयु होने तक जो भी पहले हो, के लिए की जाएगी।

प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित) पर चयनित व्यक्तियों को भारत सरकार के प्रतिनियुक्ति संबंधी सामान्य नियमों / आदेशों द्वारा शासित किया जाएगा।

पात्र उम्मीदवार, यथा लागू, उपयुक्त माध्यम के जरिए संबद्ध दस्तावेजों की प्रतिलिपियां विहित प्रपत्र (**अनुलग्नक** में दिए गए प्रपत्र के अनुसार) के साथ संलग्न करके पद हेतु आवेदन कर सकते हैं। **देय तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।** यदि अभ्यर्थी पहले से ही सेवारत है तो प्रायोजक विभाग आवेदन पत्र को उपर्युक्त तारीख के भीतर अभ्यर्थी के अद्यतन प्रमाणित एसीआर डोजियर, कोई शास्ति नहीं संबंधी विवरण, सतर्कता क्लीयरेंस और सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र के साथ अग्रेषित कर सकता है।

आवेदन पत्र के प्रपत्र सहित अर्हताओं, अनुभव एवं अन्य संबद्ध सूचना संबंधी विस्तृत अपेक्षाएं www.mohfw.nic.in और www.rims.edu.in वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं / डाउनलोड की जा सकती है।

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन है।**

पूरी तरह से विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा निम्नलिखित पते पर भेजा जाना चाहिएः

**जितेंद्र कुमार जांगिड़,**
**अवर सचिव (एनई),**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय,**
**कमरा नं. 401- डी, निर्माण भवन**

**नई दिल्ली - 110011**
**ईमेल आईडी:** ***[jk.jangid@nic.in](mailto:jk.jangid@nic.in)***

हस्ताक्षरित/-
(जितेंद्र कुमार जांगिड़)
अवर सचिव, भारत सरकार

अनुलग्नक

## प्रपत्र

(क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान, इम्फाल, मणिपुर में निदेशक के पद के लिए अभ्यर्थी का नाम और अन्य विवरण)

1. नाम :
2. जन्म तिथि और --- को आयु :
3. मूल विभाग/संवर्ग में अधिवर्षिता की आयु :
4. वर्तमान पता :
5. क्या भारत के नागरिक हैं :
6. शैक्षणिक योग्यताएं :

(क) स्नातक

| उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्रयासों की संख्या | कॉलेज/विश्वविद्यालय जहां से स्नातक हैं। |
|---|---|---|
| | | |

(ख) स्नातकोत्तर

| उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्रयासों की संख्या | कॉलेज/विश्वविद्यालय जहां से स्नातक हैं। |
|---|---|---|
| | | |

7. विशेषज्ञता के क्षेत्र
8. अनुभव

| संस्थान का नाम जहां कार्यरत हैं | पदनाम और क्या नियमित अथवा अन्यथा | से | तक | वेतनमान और आहरित वेतन | निष्पादित कर्तव्य और जिम्मेदारियां |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

(ii) स्नातकोत्तर के बाद

| स्थान का नाम जहां कार्यरत हैं | पदनाम और क्या नियमित या अन्य था | कहां से | कहां तक | वेतनमान तथा आहरित वेतन | निष्पादित कर्तव्य और जिम्मेदारियां |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

(क) शिक्षण

(ख) अनुसंधान

(ग) प्रशासन

| जहां पर कार्यरत है उस स्थान का नाम | पदनाम और क्या नियुक्ति नियमित थी या अन्य | कहां से | कहां तक | वेतनमान तथा आहरित वेतन | निष्पादित कर्तव्य और जिम्मेदारियां |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

9. प्रकाशनों की पूर्ण सूची
(यदि आवश्यक हो तो कृपया सूची संलग्न करें)
10. पुस्तके, यदि कोई लिखी हों तो
11. पाठ्येतर गतिविधियां जैसे:- चिकित्सा सामाजिक कार्य, पत्रकारवादिया चिकित्सा विषयों से संबंधित कोई अन्य साहित्यिक कार्यकलाप खेलों को प्रोत्साहन तथा मनोरंजन गतिविधियां आदि।
12. पुरस्कार, विशेष सम्मान, आदि
(क) स्नातक स्तर पर
(ख) स्नातकोत्तर स्तर पर
13. राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सोसायटियों, शैक्षणिक फेलोशिप/सदस्यता, आदि
14. कोई अन्य उपलब्धि
15. वर्तमान पद तथा पदनाम
(इस पद पर कब से हैं)
16. वेतनमान
17. वेतन

स्थान:

तिथि:

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

संपर्क सहित पूरा पता,

फोन/मोबाइल नं.